मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–15, मई 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## हिमाचल में हुआ लॉंच

KAMDHENU Nxt DOUBLE RIB TMT BAR





भवन निर्माण और उद्योगों के लिए एडवांस प्रोडक्ट और स्मार्ट कांसेप्ट को पेश करने वाली कंपनी के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाने के साथ ही कामधेनु लिमिटेड ने खुद को एक ऐसे लीडर के तौर पर भी पेश किया है जो इनोवेशन को बढ़ावा दे। और इनोवेशन भी ऐसा जो खुद–ब–खुद एक मिसाल बन जाए। इसी के तहत कंपनी ने एक बार फिर अपने नये स्टील उत्पाद KAMDHENU NXT को हिमाचल के उपभोक्ताओं के लिए पेश किया। अपनी क्षमता और गुणवत्ता के लिहाज से नई पीढ़ी का ये उत्पाद कंपनी के लीडरशिप व दूरदर्शी सोच का नज़रिया है।

कंपनी ने अपने इस नई पीढ़ी के इंटलॉक स्टील को पूरे जोश–ओ–खरोश के साथ 23–24 अप्रैल को चंडीगढ़ के पाँच सितारा होटल द ललित, में एक भव्य कार्यक्रम के साथ पेश किया। KAMDHENU NXT की लॉंचिंग इवेंट का पूरा कार्यक्रम कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अग्रवाल जी ने जिस इनोवेटिव सोच के जरिए इस इंटरलॉक स्टील को विकास के लिए प्रेरित किया ठीक उसी तरह इसे लांच भी नए इनोवेटिव थीम पर किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में हिमाचल के लगभग 350 डीलर्स सम्मिलित हुए। यहां सभी डीलर्स ने पूरे उत्साह के साथ उस उत्पाद को देखा जो अब बाज़ार में नये मापदंड तय करेगा। अपनी गुणवत्ता के लिहाज से ये बिल्डिंग डिजाइन के नए कांसेप्ट को बेजोड़ मजबूती प्रदान करेगा। मेक इन इंडिया थीम हो या हेवी इंफ्रास्ट्राक्चर का डेवलपमेंट KAMDHENU NXT इनको नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। इस अनूठे इंटरलॉक स्टील ''KAMDHENU NXT'' का डबल रिब डिजाइन कंक्रीट पर 2.5 गुना से ज्यादा मजबूत पकड़ देता है जिससे कंक्रीट और इस्पात एक मजबूत इकाई की तरह बन जाते हैं।

KAMDHENU NXT के लॉंचिंग के अवसर पर अपने हिमाचल के डीलर्स को संबोधित करते हुए कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, ''हमारा हमेशा यह प्रयास रहता है कि हम ऐसे उत्पादों को बाज़ार मे पेश करें जिसकी गुणत्ता बेहतर हो क्योंकि बेहतर गुणवत्ता का उत्पाद डीलर्स को अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करता है और कंपनी एवं डीलर्स की बांडिंग को और मजबूत करता है इससे ग्राहकों को भी एक भरोसेमंद उत्पाद और विश्वसनीय कंपनी से जुड़ने का मौका मिलता है।''

ऊर्जा से भरे इस लॉंचिंग कार्यक्रम में कंपनी के फ्रेंचाइजी पार्टनर्स और कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी डीलर्स को KAMDHENU NXT की खूबियों और मार्केटिंग प्लान के बारे में बताया। इस इवेंट में यूज़र लाईसेंस एग्रीमेंट के तहत KAMDHENU NXT का उत्पादन करने वाली कंपनी के निदेशक सरदार ओंकार सिंह, सलसान स्टील प्राइवेट लिमिटेड और श्री एस के शर्मा, निदेशक रेडियंट प्राइवेट लिमिटेड, सम्मिलित हुए। इनके अलावा श्री नमन जैन, निदेशक आशियाना मैनुफैक्चरिंग इंडिया लिमिटेड और कामधेनु लिमिटेड की ओर से श्री दीपक भाटिया, एजीएम मार्केटिंग, श्री विवेक महेश्वरी, एजीएम बिजनेस डेवलपमेंट और डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री मोहन अग्रवाल, श्री विक्रम जैन, श्री बलवंत चौधरी, श्री अनुज गर्ग, श्री अनुज गर्ग, श्री संजय गुप्ता और श्री प्रदीप गर्ग सम्मिलित हुए।



# दक्षिण एशियाई मित्रता को नए शिखर पर ले जाता इसरो

5 मई को श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो ने दक्षिण एशिया संचार उपग्रह जीसैट–9 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण कर 6 दक्षिण एशियाई देशों को अमूल्य उपहार दिया। यह उपग्रह दक्षिण एशियाई देशों को संचार एवं आपदा के समय सहायता करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस आग्रह से हुई थी जिसमें उन्होंने इसरो के वैज्ञानिको से सार्क देशों के लिए एक उपग्रह बनाने के लिए कहा था।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा निर्मित इस साउथ एशिया सैटेलाइट की लागत करीब 235 करोड़ रुपये है जबकि इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 450 करोड़ रुपए है। सार्क देशों में आपसी सहयोग को बढ़ाने वाले इस सैटेलाइट प्रोजेक्ट का नाम पहले सार्क सैटेलाइट रखा गया था मगर पूरी तरह से भारत द्वारा वित्त पोषित इस प्रोजेक्ट से पाकिस्तान ने खुद को अलग कर लिया जिसके बाद इस परियोजना का नाम बदलकर साउथ एशिया उपग्रह रखा गया।

यह उपग्रह भारतीय उपमहाद्वीप के देशों नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका और अफगानिस्तान को दूरसंचार की सुविधाएं मुहैया कराएगा। इन सभी देशों में अभी सैटेलाइट कार्यक्रम शुरुआती चरण में है जिससे भारत की इस मदद से इन देशो में टीवी प्रसारण से ले कर टेली मेडिसिन और बैंकिंग आदि कई क्षेत्रों में यह काफी सहयोगी साबित होगा।

# श्रीलंका के साथ हुई रिश्तों की नई शुरुआत





आपसी विश्वास और सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में श्रीलंका का दौरा किया। 11–12 मई को सम्पन्न हुए इस दौरे के जरिए प्रधानमंत्री ने श्रीलंका के साथ सांस्कृतिक रिश्तों के साथ नई विदेश नीति की शरुआत की है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समकक्ष श्रीलंकाई प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे और राष्ट्रपति मैत्रिपाला सिरिसेना के साथ मुलाकात की और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक मित्रता को बढ़ाने पर जोर दिया। दोनों देशों के मध्य सांस्कृतिक मेलजोल बढ़ाने के लिए मोदी श्रीलंका में बेसाक दिवस में भी सम्मिलित हुए। श्रीलंका में बुद्ध भगवान के जन्मदिन को बेसाक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यहां पर प्रधानमंत्री ने धर्मगुरुओं, बुद्धिजीवियों और धर्मशास्त्रियों से मुलाकात की। इस दो दिवसीय दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। यहां पर प्रधानमंत्री ने श्रीलंका के डिकोया में भारत की मदद से बने हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

हिंद महासागर में भारत के नज़रिए से खास महत्व रखने वाले श्रीलंका के साथ मित्रता के नये आयाम को इसी बात से समझा जा सकता है कि इस दौरे के ठीक पहले चीन अपनी पनडुब्बी को श्रीलंका के बंदरगाह पर रखना चाहता था मगर श्रीलंका ने भारतीय संबंधों को महत्व देते हुए चीन को इजाजत नहीं दी।

# साइबर सिटी बैंगलुरु से नये इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT की धमाकेदार शुरुआत






भवन निर्माण को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए नित नई कोशिशों के तहत अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देते हुए कामधेनु लिमिटेड ने एक बार फिर नये स्टील उत्पाद इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT को विकसित किया है। कंपनी ने जिस जज्बे के साथ इस नई पीढ़ी के इंटरलॉक स्टील को विकसित किया है उसी जज्बे के साथ इसकी पहुंच देश के हर कोने में सुनिश्चित करने के लिए कंपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य भी कर रही है। इसी प्रयास के तहत कंपनी देश के सभी नगरों और महानगरों मे इसे लॉंच कर रही है।

इस उत्पाद को कंपनी ने बड़े ही खूबसूरत कार्यक्रम के साथ बैंगलोर के प्रसिद्ध होटल ललित अशोक, में अपने डीलर्स के समक्ष पेश किया। कर्नाटक के बाज़ार को टारगेट कर आयोजित किए गए इस इवेंट की शुरुआत कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके साथ ही श्री अग्रवाल जी ने इस इवेंट में सम्मिलित हुए लगभग 350 डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा, "आज हम देश की हाईटेक सिटी में कंस्ट्रक्शन का हाईटेक उत्पाद पेश कर रहे है। ये उत्पाद स्टील उद्योग और निर्माण के लिए नए मापदंड तय करते हुए बिल्डिंग निर्माण को नई मजबूती देगा। नई पीढ़ी का ये इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT कंस्ट्रक्शन मेटैरियल के साथ मजबूत पकड़ बनाते हुए कंक्रीट को एक यूनिट बनाता है, जिससे 2.5 गुणा से ज़्यादा मजबूती मिलती है।" आगे कहते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि आज लोग बेहतर चीजें चाहते हैं। बेहतरीन उत्पादों का उपयोग करना चाहते हैं अगर ये चीजें उन्हें किफायती लागत पर मिल जाए तो उनके लिए इससे बेहतर कुछ नहीं है और यही हमारे लिए एक अवसर है। इस अवसर को हमें अपने बेहतरीन उत्पाद इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT से भुनाना चाहिए ताकि हम ग्राहकों को उनकी इच्छा के अनुरूप बेहतरीन उत्पाद मुहैया करा सकें। यही हमारा लक्ष्य है कि हम कस्टमर बिहेवियर को समझते हुए विकास करें और ग्राहकों को नई पीढ़ी का स्टील बनाने वाली कंपनी के साथ जोड़े रखें।"

नये पीढ़ी के इंटरलॉक स्टील से सबको जोड़ने और आगे बढ़ने के इस कार्यक्रम में कामधेनु के प्रतिनिधियों के साथ–साथ कंपनी के ऑथोराइज्ड फ्रैंचाइजी पार्टनर्स भी सम्मिलित हुए और इन्होंने भी डीलर्स को इस इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT के बिजनेस मॉडल को साझा किया। इस इवेंट में यूज़र लाइसेंस एग्रीमेंट के जरिए कामधेनु नेक्स्ट का उत्पादन करने वाली ऑथोराइज्ड कंपनी के एमडी श्री गणेश अग्रवाल और नितिन अग्रवाल (हिन्दुपुर स्टील एंड अलाय प्राइवेट लिमिटेड) सम्मिलित हुए। कामधेनु की ओर से इस कार्यक्रम में जीएम श्री सुशील चौधरी, एजीएम श्री विवेक शुक्ला, मैनेजर श्री अर्पन मिश्रा, एसइएम श्री अमित गुलिया, एसइ श्री प्रसाद गौदरा, एसइ श्री गौरव कुमार और डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री प्रहलाद अग्रवाल, (मेसर्स अग्रवाल इस्पात), श्री सतीश सिंगा, (मेसर्स पंकज स्टील ट्यूब्स) और श्री विकास जैन (मेसर्स अंकुर केमिकल्स) भी सम्मिलित हुए। इस इवेंट में कंपनी ने बेस्ट सेल देने वाले व बेहतर प्रदर्शन करने वाले 35 डीलर्स को सम्मानित किया और कंपनी ने बेस्ट हाईयेस्ट सेल के अवार्ड से श्री मंजुनाथ (मेसर्स श्रीनिवास स्टील ट्रेडर्स) को सम्मानित किया।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.05.2017



# नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील हुआ रायपुर में लॉंच





इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी देश के विकास का आधार होता है और भारत जैसे विकासशील देश के संदर्भ में देखा जाए तो इसकी अहमियत और भी बढ़ जाती है। इंफ्रास्ट्रक्चर की इसी अहमियत को समझते हुए कामधेनु हमेशा ही अपने इस्पात उत्पादों को पेश करती रही है। इन उत्पादों ने देश में लाखों भूकंपरोधी इमारतों और इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में योगदान दिया है। इस योगदान में कामधेनु लिमिटेड ने विकास के एक और अध्याय को जोड़ते हुए नई पीढ़ी के इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT को लॉंच किया।

इस नई पीढ़ी के इंटरलॉक स्टील KAMDHENU NXT को कंपनी ने रायपुर के होटल वी डब्ल्यू केनयन में पूरे जोश के साथ 22 अप्रैल को लॉंच किया। रायपुर में आयोजित इस लॉंचिंग इंवेट में कंपनी के लगभग 350 डीलर्स पूरे उत्साह से सम्मिलित हुए। उर्जा और उत्साह से भरे इस इवेंट में डीलर्स को संबोधित करते हुए श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा ''हम सब आज नये पीढ़ी के इंटरलॉक स्टील को देख रहे हैं। KAMDHENU NXT अंतराष्ट्रीय मानकों पर खरा एक बेहतरीन उत्पाद है। हम हमेशा कोशिश करते हैं कि कुछ नया करे कुछ बेहतर करें जो कंपनी के लिए तो फायदेमंद हो ही साथ ही कंपनी के महत्वपूर्ण सदस्य डीलर्स के लिए भी फायदेमंद हो और ये फायदा तभी होगा जब हम नया, उन्नत व बेहतरीन उत्पाद पेश करे जो मार्केट में सबसे अलग हो। KAMDHENU NXT ऐसा ही अनूठा स्टील उत्पाद है। ग्राहक भी बेहतरीन उत्पाद को लेना चाहते हैं ऐसे में इस उत्पाद के माध्यम से हम एक ऐसी कड़ी का निर्माण कर रहे हैं जिससे ग्राहक, डीलर्स और कंपनी जुड़ेंगे। ऐसा होने से सभी का फायदा होगा।''

KAMDHENU NXT के लॉंचिंग इवेंट में डीलर्स को प्रोत्साहित किया गया और बिल्डिंग कांसेप्ट में आ रहे बदलावों की जानकारी भी दी। साथ ही इस इंटरलॉक स्टील की खासियतों के बारे में ग्राहकों को जागरूक करने के लिए डीलर्स को प्रेरित किया। यहां डीलर्स ने 2.5 गुना से ज्यादा मजबूत पकड़ देने वाले और बेहतरीन क्षमता वाले KAMDHENU NXT की खूबियों को जाना। कार्यक्रम में कामधेनु लिमिटेड के पदाधिकारी सीनियर जीएम श्री विशाल अग्रवाल और जीएम श्री सुशील चौधरी उपस्थित थे। राज्य में यूज़र लाइसेंस एग्रीमेंट के अंतर्गत KAMDHENU NXT की मैन्यूफैक्चरिंग करने वाली कंपनी मां कुद्रागढ़ी स्टील्स प्रा. लिमिटेड के निदेशक श्री अनिल अग्रवाल एवं श्री रवि अग्रवाल और लिंगराज स्टील के निदेशक श्री गणेश अग्रवाल भी शामिल हुए।

इस अवसर पर डीलर्स को उनके सहयोग और कार्य के प्रति लगन के लिए उनकी सराहना की गई और उन डीलर्स को सम्मानित भी किया गया जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

| श्री जावेद हुसैन | श्री अमित गुप्ता | श्री रूपेश कुमार चोकसे |
|---|---|---|
| मेसर्स जे.जे. टैडर्स | मेसर्स गुप्ता पेंट मार्ट | मेसर्स वैश्नवी हार्डवेयर |
| महामाया चौक, पुराना बस स्टैण्ड | 177, मैन मार्किट, पोरसा जिला – मुरैना | स्टेशन रोड, बुरहानपुर |
| मो. 09026379452 | मो. 09755498927 | मो. 07772016136 |

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com